रांची नगर निगम की ओर से

# स्वच्छ सर्वेक्षण 2022

का परिणाम जारी

- प्रोजेक्ट भवन सबसे स्वच्छ सरकारी कार्यालयों में हुआ शुमार
- हाउसिंग सोसाइटी में अशोक नगर रहा अव्वल

हाउसिंग सोसाइटी में अशोक नगर को पहला, जवाहर नगर को दूसरा और ग्रीन व्यू हाइट्स को तीसरा स्थान

## प्रोजेक्ट भवन सबसे स्वच्छ सरकारी कार्यालय

**सर्वे रिपोर्ट**

रांची | संवाददाता

शहर के सबसे स्वच्छ सरकारी कार्यालयों में प्रोजेक्ट भवन को पहला स्थान मिला है, जबकि इस श्रेणी में पुलिस मुख्यालय को दूसरा व सीसीएल हेडक्वार्टर को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है। वहीं, अशोक नगर हाउसिंग सोसाइटी को सबसे स्वच्छ हाउसिंग सोसाइटी के रूप में चुना गया है, जबकि जवाहर नगर को इस श्रेणी में दूसरा और ग्रीन व्यू हाइट्स को तीसरा स्थान दिया गया है।

गौरतलब है कि रांची नगर निगम की ओर से स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था। जिसमें निगम क्षेत्र में होटल, विद्यालय, हाउसिंग सोसाइटी, अस्पताल, सरकारी कार्यालय व पंजीकृत बाजार समितियों में प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ था। गुरुवार को निगम ने इनके परिणाम की घोषणा की।

इन प्रतियोगिताओं के आयोजन के दौरान निगम की टीम द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार स्वच्छता के विभिन्न पैमानों पर मूल्यांकन किया गया। जिसके बाद परिणामों की घोषणा की गई।

### किस श्रेणी में किन्हें मिला स्थान

स्वच्छ अस्पताल की श्रेणी मे हिल व्यू हॉस्पिटल बरियातू को पहला, सैमफोर्ड अस्पताल को दूसरा व बरियातू स्थित पल्स अस्पताल को तीसरा स्थान दिया गया है। स्वच्छ विद्यालय प्रतियोगिता में डीपीएस रांची, जेवीएम श्यामली व लोटेरो पब्लिक स्कूल को क्रमशः पहला, दूसरा व तीसरा स्थान मिला है। इसके अलावा स्वच्छ अस्पताल की श्रेणी में रेडिशन ब्लू को पहला, बीएनआर चाणक्या को दूसरा व कैपिटल हिल को तीसरा स्थान दिया गया है।



प्रोजेक्ट बिल्डि

**उपलब्धि**

- स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 के तहत विभिन्न प्रतियोगिताओं का किया गया था आयोजन
- निगम की टीम ने निर्धारित मानकों के अनुसार स्वच्छता के विभिन्न पैमानों पर मूल्यांकन किया

### इस आधार पर कि

शहर के साफ-सुथरा रहने वाले अस्पताल, सरकारी कार्यालय, हाउसिंग सोसाइटी और बाजार का चयन करने के लिए रांची न की ओर से कई पैमानों पर मू किया गया। 29 दिसंबर को आयोजन के दौरान इस प्रति दौरान निगम की टीम ने शहर

### प्रतिष्ठानों को निगम देगा प्रशस्ति पत्र

## नगर निगम के स्वच्छ सर्वेक्षण में पहले स्थान पर रहा हिल व्यू और प्रोजेक्ट बिल्डिंग

**जासं, रांची:** स्वच्छ भारत मिशन के तहत नगर निगम के द्वारा शहरी क्षेत्र में स्वच्छ वातावरण तैयार करने और स्वच्छता बनाए रखने के तहत अस्पताल, सरकारी बिल्डिंग, स्कूल, हाउसिंग सोसाइटी, होटल और बाजार समिति में प्रतियोगिता कराया गया था। इसमें हिल व्यू अस्पताल पहले स्थान पर रहा जबकि सरकारी बिल्डिंग में प्रोजेक्ट बिल्डिंग रहा। इसके अलावा स्कूल में डीपीएस, हाउसिंग सोसाइटी में अशोक नगर पहले स्थान पर रहा। प्रतियोगिता में नगर निगम ने सभी अस्पताल, होटल और सरकारी बिल्डिंग को हर स्तर पर आंकलन किया गया। सभी स्तर पर जांच करने के बाद निर्णय लिया गया। इसके बाद इनका चयन किया गया। नगर निगम का कहना है कि सभी वर्ग के लोगों की पहल पर ही स्वच्छ वातावरण होगा। नगर निगम क्षेत्र में एक ही बाजार समिति है।